# आश्वासन बेनतीजा, फिर आंदोलन की तैयारी में उकाला रोड के रहवासी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

उकाला रोड सीमेंट कांक्रीट बनना है। इसका काम शुरू हुआ था लेकिन अब रुक गया है। इससे लोग रोज परेशान हो रहे हैं। सड़क को लेकर पिछले सप्ताह लोगों ने चक्काजाम किया था तब निगम के सिटी इंजीनियर पहुंचे थे और लोगों को जब तक निर्माण शुरू नहीं होता है तब तक जमीन समतल करने की बात कही थी। इसके बाद भी यही स्थिति है। इससे नालियों का पानी सड़कों पर आ रहा है और गड्ढों में पानी भरने से लोग गिर रहे हैं। इससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

जल्द सड़क का निर्माण नहीं होने और सड़क की मरम्मत नहीं होने पर नाराज लोगों ने फिर आंदोलन की बात कही है। सामाजिक कार्यकर्ता बलराम मीणा ने बताया यह शहर का मुख्य मार्ग है। यह बाजार क्षेत्र को सीधे सालाखेड़ी से जोड़ता है। वहीं इसी रोड पर एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियां हैं जिनमें हजारों लोग निवास करते हैं लेकिन सड़क जर्जर है। इससे दिनभर धूल उड़ती है और गड्ढों के कारण लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। कुछ दिनों पहले सीसी रोड का काम शुरू हुआ था, लेकिन वो भी अब बंद हो गया है। नगर निगम जल्द रोड का काम शुरू करवाए। जब तक रोड नहीं बनती है तब तक इसकी रिपेयरिंग कराए ताकि दुर्घटना ना हो। यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई तो हमें फिर चक्काजाम के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आरिफ

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सा.उपाध्याय स्व. पलंग –पृष्ठ ........ दिनांक 28/1/2021

(9)



# प्रशासन इलेवन ने 6 रनों से रोमांचक जीत हासिल की

## गणतंत्र दिवस पर प्रशासन इलेवन तथा नगर निगम इलेवन के मध्य क्रिकेट मैच आयोजित हुआ

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशासन पुलिस इलेवन तथा नगर निगम इलेवन के मध्य आयोजित क्रिकेट मैच में प्रशासन इलेवन द्वारा 6 रनों से रोमांचक जीत हासिल की गई, मैच स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया। जहाँ कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इन्द्रजीत बाकलवार द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

मैच में प्रशासन इलेवन द्वारा पहले बल्लेबाजी की गई। प्रशासन इलेवन की ओर से सीईओ जिला पंचायत सीईओ संदीप केरकेट्टा ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। सीएसपी हेमंत चौहान ने 20, कमलजीतसिंह ने 13, प्रशिक्षु आईपीएस विनोद मीणा ने 11, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने 8, आकाश ने 11, जावरा एसडीएम राहुल धोटे ने 2, तेजवीरसिंह चौधरी ने 4 रन बनाए।

नगर निगम की ओर से निर्मल द्वारा बेहतरीन बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके अलावा संदीप तथा बलवंत ने दो–दो विकास तथा नवेद द्वारा एक–एक विकेट लिया गया। नगर निगम इलेवन को जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य मिला।

जीत के लिए मिले 125 रन का लक्ष्य लेकर बैटिंग के लिए मैदान में उतरी नगर निगम इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उनके शुरुआती पांच विकेट बहुत थोड़े स्कोर पर ही गिर गए थे। इसके पश्चात बलवंत ने अपने साझेदार के साथ निगम टीम को सुदृढ़ स्थिति और ले जाने का प्रयास किया। बलवंत ने अच्छी बैटिंग करते हुए 22 रन बनाए। उनके आउट हो जाने के बाद टीम की स्थिति गड़बड़ा गई परंतु आखिरी विकेट की साझेदारी में संदीप ने अपने पार्टनर के साथ बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैच को रोमांचक स्थिति में ला खड़ा किया। जब नगर निगम इलेवन को जीत के लिए मात्र 6 रन चाहिए थे तभी संदीप के एक करारे शॉट पर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी द्वारा बेहतरीन केच लपक लिया गया। संदीप के आउट होते ही नगर निगम की पूरी टीम 119 रनों पर सिमट गई और प्रशासन इलेवन को 6 रन से रोमांचक जीत हासिल हुई। प्रशासन इलेवन की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए बुधन तंवर ने 4 विकेट लिए। तेजवीर तथा आकाश ने 2–2 विकेट लिए। मैच में कमेंटेटर की सफल भूमिका पुलिस विभाग के श्री भूपेन्द्रसिंह राठौर ने निभाई। अंपायर श्री विकास शर्मा तथा श्री कल्पेश मिश्रा थे। स्कोरर श्री यश बारिया तथा भावेश मालवीय थे। क्रिकेट मैच आयोजन में रक्षित पुलिस निरीक्षक श्री खिलावनसिंह कंवर तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के श्री जितेन्द्र धूलिया, श्री अमित राजपूत, हैण्डबाल नेशनल खिलाड़ी श्री अभिषेक गुर्जर का सराहनीय योगदान रहा।

स्वतन्त्र पलंग 28/1/2021

# एसपी के कैच से हारा नगर निगम इलेवन



रतलाम. गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशासन-पुलिस इलेवन तथा नगर निगम इलेवन के मध्य आयोजित क्रिकेट मैच में प्रशासन इलेवन द्वारा 6 रनों से जीत हासिल की। जिला पंचायत सीईओ संदीप केरकेट्टा ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। सीएसपी हेमंत चौहान ने 20, कमलजीतसिंह ने 13, प्रशिक्षु आईपीएस विनोद मीणा ने 11, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने 8, आकाश ने 11, जावरा एसडीएम राहुल धोटे ने 2, तेजवीरसिंह चौधरी ने 4 रन बनाए।

वहीं नगर निगम की ओर से निर्मल द्वारा बेहतरीन बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। नगर निगम इलेवन को जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य मिला था। लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान में उतरी नगर निगम इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बलवंत ने अच्छी बैटिंग करते हुए 22 रन बनाए। निगम इलेवन को जीत के लिए मात्र 6 रन चाहिए थे तभी संदीप के एक शॉट पर पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी द्वारा बेहतरीन कैच लपक लिया गया। संदीप के आउट होते ही नगर निगम की पूरी टीम 119 रनों पर सिमट गई और प्रशासन इलेवन को 6 रन से रोमांचक जीत हासिल हुई। प्रशासन इलेवन की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए बुधन तंवर ने 4 विकेट लिए। तेजवीर तथा आकाश ने 2-2 विकेट लिए। मैच में कमेंटेटर की सफल भूमिका पुलिस विभाग के भूपेन्द्रसिंह राठौर ने निभाई। मैच के दौरान कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पत्रिका

# महिला बाल विकास विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार

मुख्य समारोह में शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम पुरस्कार महिला बाल विकास विभाग की झांकी को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला पंचायत तथा तृतीय पुरस्कार सामाजिक न्याय विभाग की झांकी को दिया गया। साथ ही सभी विभागीय झांकियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं जिला पंचायत में प्रधान परमेश मईडा ने ध्वजारोहण किया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी तथा रतलाम विकास प्राधिकरण में अपर कलेक्टर जमुना भिडे तथा निगम कार्यालय में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया। दशभास्कर

# कबाड़ से बनाया जुगाड़, नगर निगम ने तैयार की क्रैन

**रतलाम ।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम के अनुपयोगी सामग्री से निगम कर्मचारियों द्वारा बनाई गई क्रैन का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निगम कार्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान देखा कि कई अनुपयोगी सामग्री रखी हुई है उन्होंने निगम कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रैन का निर्माण करें। निगम कर्मचारियों द्वारा दिये गये निर्देश के तहत तेजी से काम करते हुए अनुपयोगी सामग्री से क्रेन बनाई। अब नगर निगम को किराये पर क्रैन नहीं लेना होगी।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान के अलावा विजय सिंह, श्री पिन्टु सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

पृष्ठ 1 का शेष ना सड़क

लेकिन यातायात की सुगम व्यवस्था कोई भी नहीं बना पाया। यदि आधिकारिक स्तर पर यातायात से जुड़े विभागों में समन्वय की पहल की जाए और व्यवस्था में सुधार के लिए चालानों के बजाए शहर में सुविधाओं का विस्तार हो, तो रतलाम के माथे पर लगा बेतरतीब शब्द का कलंक मिटाया जा सकेगा।

सा० उपहार 28/1/2021



# रतलाम जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## जिला मुख्यालय पर कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

रतलाम। रतलाम जिले में भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा ध्वजारोहण करते हुए परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर मार्च पास्ट हुआ, आकर्षक परेड आयोजित की गई। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, जावरा विधायक श्री राजेंद्र पांडे, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, श्री मनोहर पोरवाल, श्री गोविंद काकानी, सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इन्द्रजीत बाकलवार एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, श्री एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री डाड द्वारा खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया गया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े भी थे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया गया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्री खिलावनसिंह कंवर ने किया। सेकंड कमांडेंट सूबेदार श्री अनोखीलाल परमार थे। पुलिस, होमगार्ड तथा एसएएफ के दलों द्वारा आकर्षक परेड की गई। परेड में छह प्लाटून सम्मिलित हुई। 24 वीं बटालियन एसएएफ की प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक श्री देवीसिंह भाभर कर रहे थे। जिला पुलिस प्लाटून क्रमांक 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक श्री ध्यानसिंह सोलंकी तथा प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व उपनिरीक्षक श्री अशोकसिंह तोमर कर रहे थे। जिला पुलिस महिला बल प्लाटून नंबर 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुश्री सपना राठौर द्वारा किया गया। जिला होमगार्ड प्लाटून नंबर 5 का नेतृत्व सुश्री पूजा जाट तथा प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व श्री बद्री मंडलोई द्वारा किया गया। समृद्धि के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाए गए। हर्ष फायर तथा राष्ट्रगान हुआ, विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्र गान तथा मध्यप्रदेश गान हुआ। समारोह में शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झांकी कोविड-19 टीकाकरण पर आधारित थी। सहकारिता विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान, उद्यानिकी विभाग द्वारा हाइड्रोपोनिक खेती, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्त भारत, नगर पालिका निगम द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत यातायात सुविधा के लिए क्रेन निर्माण, शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ाई नहीं रुकेगी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सम्मान महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मार्च 21 तक सभी आंगनवाड़ी और शालाओं में नल से स्वच्छ जल प्रदाय किए जाने, कृषि विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, जिला पंचायत द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर तथा डा. पूर्णिमा शर्मा ने किया। मुख्य समारोह में आयोजित परेड का प्रथम पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून नंबर 6 को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार 24 वीं बटालियन एसएएफ तथा तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड की प्लाटून नंबर 5 को दिया गया। सभी प्लाटूंस को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। मुख्य समारोह में शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम पुरस्कार महिला बाल विकास विभाग की झांकी को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला पंचायत तथा तृतीय पुरस्कार सामाजिक न्याय विभाग की झांकी को दिया गया। साथ ही सभी विभागीय झांकियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानियों का भी सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने रतलाम में स्वतंत्रता सेनानी श्री राजमल चौरसिया के घर पहुंचकर उनका शाल-श्रीफल, पुष्पहार से सम्मान किया। इसी प्रकार अन्य अधिकारियों द्वारा लोकतंत्र सेनानियों का घर पहुंचकर सम्मान किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने लोकतंत्र सेनानी श्री हिम्मत कोठारी तथा एसडीएम श्री एम.एल. आर्य ने लोकतंत्र सेनानी श्री बजरंग पुरोहित एवं एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत ने श्री महेंद्र नाहर के घर पहुंचकर उनका शाल-श्रीफल, पुष्पहार से सम्मान किया। गणतंत्र दिवस पर जिला पंचायत में जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा ने ध्वजारोहण किया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री गोपालचन्द डाड, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी तथा रतलाम विकास प्राधिकरण में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा निगम कार्यालय में आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया।



# उत्साह और उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस

## कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम जिले में भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा ध्वजारोहण करते हुए परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर मार्च पास्ट हुआ, आकर्षक परेड आयोजित की गई। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्रसिंह लुनेरा, जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, मनोहर पोरवाल, गोविंद काकानी, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत बाकलवार एसडीएम अभिषेक गहलोत, एम.एल.आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री डाड द्वारा खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया गया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े भी थे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया गया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक खिलावनसिंह कंवर ने किया। सेकंड कमांडेंट सूबेदार अनोखीलाल परमार थे। पुलिस, होमगार्ड तथा एसएएफ के दलों द्वारा आकर्षक परेड की गई। परेड में छह प्लाटून सम्मिलित हुईं। 24 वीं बटालियन एसएएफ की प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक देवीसिंह भाभर कर रहे थे। जिला पुलिस प्लाटून क्रमांक 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक ध्यानसिंह सोलंकी तथा प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व उपनिरीक्षक अशोकसिंह तोमर कर रहे थे। जिला पुलिस महिला बल प्लाटून नंबर 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुश्री सपना राठौर द्वारा किया गया। जिला होमगार्ड प्लाटून नंबर 5 का नेतृत्व सुश्री पूजा जाट तथा प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व बदी मंडलोई द्वारा किया गया। समृद्धि के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाए गए। हर्ष फायर तथा राष्ट्रगान हुआ, विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्र गान तथा मध्यप्रदेश गान हुआ। समारोह में शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झांकी कोविड-19 टीकाकरण पर आधारित थी। सहकारिता विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान, उद्यानिकी विभाग द्वारा हाइड्रोपोनिक खेती, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्त भारत, नगर पालिका निगम द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत यातायात सुविधा के लिए केन निर्माण, शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ाई नहीं रुकेगी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सम्मान महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मार्च 21 तक सभी आंगनवाड़ी और शालाओं में नल से स्व%छ जल प्रदाय किए जाने, कृषि विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, जिला पंचायत द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर तथा डॉ.पूर्णिमा शर्मा ने किया।



**महिला बाल विकास विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार**

मुख्य समारोह में शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम पुरस्कार महिला बाल विकास विभाग की झांकी को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला पंचायत तथा तृतीय पुरस्कार सामाजिक न्याय विभाग की झांकी को दिया गया। साथ ही सभी विभागीय झांकियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

# कार्यालयों में प्रधान ने फहराया ध्वज

गणतंत्र दिवस पर जिला पंचायत में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा ने ध्वजारोहण किया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर गोपालचन्द डाड, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी तथा रतलाम विकास प्राधिकरण में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े तथा निगम कार्यालय में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया।

## बच्चे भी हुए शामिल : रंगोली बनाकर लोगों ने लिया मोहल्ले और कॉलोनी को स्वच्छ रखने का संकल्प



रतलाम | वार्ड 34 के रहवासियों ने रंगोली बनाई और अपने मोहल्ले और कॉलोनी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। समाजसेवी मांगीलाल जैन ने स्वच्छता का संकल्प दिलाया। सफाई के बाद वे बोर्ड लगा रहे हैं कि यहां गंदगी ना फैलाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि घरों में डस्टबिनों का उपयोग करें। गीला- सूखा कचरा इसके संग्रहण वाहन में ही डालें। अगर हम सब इन नियमों का पालन करेंगे तो शहर देश में नंबर 1 बन जाएगा।

दै. भास्कर

## निकाय चुनाव की संचालन समिति में शामिल करने पर डागा का किया सम्मान



रतलाम | भाजपा ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की संचालन समिति में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को सदस्य मनोनीत किया। इस मनोनयन पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने अपने कार्यालय पर डागा का सम्मान किया। भाजपा जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, करनधीर्य बडगोत्या, आदित्य डागा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, निर्मल कटारिया सहित अन्य मौजूद रहे।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार––भास्कर––पृष्ठ ........ दिनांक 28-1-2021 (3)

हाउसिंग बोर्ड बनाएगा आवासीय कॉलोनी • गंगासागर कॉलोनी को नगर निगम का पूर्णता प्रमाण पत्र मिला

# बुकिंग वाली कीमत पर ही मिलेगा मकान

- सागोद रोड पर हाउसिंग बोर्ड ने तैयारी पूरी की
- जल्द बुकिंग होगी शुरू, 514 प्लॉट व मकान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

घर का सपना देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। वह यह कि हाउसिंग बोर्ड की सागोद रोड पर 10 हेक्टेयर में प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी की जल्द बुकिंग शुरू करेगा। बोर्ड को प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। इसके मिलते ही फरवरी के आखिरी या मार्च की शुरुआत से कॉलोनी में मकानों की बुकिंग शुरू हो जाएगी। सागोद रोड पर कटने वाली यह कॉलोनी गंगासागर कॉलोनी के बराबर होगी। इसमें 514 प्लॉट और मकान होंगे। बोर्ड लंबे समय बाद डुप्लेक्स बना रहा है। इसके पहले अलकापुरी में डुप्लेक्स बनाए थे। इसके बाद बोर्ड अब यहां डुप्लेक्स बना रहा है।

बोर्ड ने तीन फेज में कॉलोनी को डेवलप करने की प्लानिंग बनाई है। पहले फेज में बोर्ड 146 मकान बनाकर देगा। ये डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएंगे। दूसरे फेज में 197 प्लॉट के आवंटन की बुकिंग की जाएगी। वहीं तीसरे फेज में 79 भवन और 92 प्लॉट की बुकिंग होगी। इस बार बोर्ड की योजना की विशेषता यह है कि ग्राहक जिस भाव पर मकान की बुकिंग कराएंगे उन्हें उसी भाव में मकान मिल जाएंगे या कभी दाम बढ़ेंगे तो भी घोषित मूल्य से अधिकतम 10 फीसदी से ज्यादा भाव नहीं बढ़ेंगे। जबकि अभी तक बोर्ड की कॉलोनियों में यह नहीं होता था। बुकिंग कराने के बाद जब प्रोजेक्ट कंप्लीट होता था उस समय का वास्तविक मूल्य पर लोगों से लिया जाता था। बोर्ड ने अलग-अलग साइज के हिसाब से 9 से 58 लाख रुपए कीमत तय की है। इसमें ईडब्ल्यूएस से लेकर एचआईजी तक मकान और डुप्लेक्स रहेंगे।

## कॉलोनी का स्वरूप : पानी की टंकी के साथ संपवेल भी बनाएंगे

- बोर्ड की इस कॉलोनी में 11 शानदार बगीचे होंगे।
- पूरी कॉलोनी में सीमेंट कांक्रीट की सड़कें होंगी।
- 4.50 लाख लीटर की पानी की टंकी के साथ ही इसके पास में 3.50 लाख लीटर का संपवेल भी बनाया जाएगा।
- सागोद रोड पर भव्य गेट बनाया जाएगा।



सागोद रोड स्थित 10 हेक्टेयर जमीन जहां बोर्ड मकानों की बुकिंग जल्द शुरू करने वाला है।

## भवन और बोर्ड के तय रेट

| | |
|---|---|
| • ईडब्ल्यूएस | 9 लाख रुपए |
| • एलआईजी डुप्लेक्स | 27 लाख रुपए |
| • एलआईजी | 19 लाख रुपए |
| • एमआईजी जूनियर | 24 लाख रुपए |
| • एमआईजी सीनियर | 27 लाख रुपए |
| • एचआईजी जूनियर | 36 लाख रुपए |
| • एचआईजी सीनियर | 45 लाख रुपए |
| • एचआईजी सीनियर डुप्लेक्स | 58 लाख रु. |
| **कॉलोनी में प्रस्तावित भवन और प्लॉट** | |
| • भवन | 225 प्रस्तावित |
| • भूखंड | 289 प्रस्तावित |

## प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार

हाउसिंग बोर्ड के ईई एनके गुप्ता ने बताया कि गंगासागर की हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी कम्प्लीट हो गई है। नगर निगम से हमें पूर्णता का प्रमाण पत्र भी मिल गया है। अब हमारा पूरा फोकस सागोद रोड पर है। अब बस प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। इसके मिलते ही जल्द ही कॉलोनी में बनने वाले मकानों की बुकिंग शुरू करेंगे। तीन फेज में कॉलोनी का निर्माण किया जाएगा। इस कॉलोनी का फायदा सभी वर्गों के लोगों को मिले।

## समय सीमा में मकान नहीं मिले तो ग्राहकों को ब्याज मिलना चाहिए

शहर के निजी कॉलोनाइजरों के अनुसार हाउसिंग बोर्ड का यह फैसला अच्छा है प्रोजेक्ट लेट होने पर भी वो ग्राहकों से घोषित मूल्य से अधिक नहीं वसूलेगा और यदि वसूलेगा तो 10 फीसदी से ज्यादा नहीं। हालांकि प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो इसका भी ध्यान रखना होगा। प्राइवेट कॉलोनाइजर ग्राहकों को जो समय बताते हैं उसके मुताबिक प्रोजेक्ट पूरा कर लेते हैं। कई बार तो समय से पहले ही पूरा कर लेते हैं। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड को भी समय निर्धारित करना चाहिए क्योंकि गंगासागर का प्रोजेक्ट 5 साल से ज्यादा समय में पूरा हुआ है। यदि प्रोजेक्ट में देरी हो तो बोर्ड को ग्राहकों को भी ब्याज देना चाहिए। ग्राहकों को और राहत मिलेगी।

# सिविक सेंटर में बना निगम का अत्याधुनिक मीटिंग हॉल

रतलाम। सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे वाले हॉल में बनाये गये अत्याधुनिक मीटिंग हॉल का लोकार्पण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने फीता काटकर किया। लोकार्पण पश्चात निगम आयुक्त ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टीएल बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने कहा कि नवीन हॉल प्रोजेक्टर, एलईडी टीवी, साउंड सिस्टम से लैस है। इस हॉल को एसबीएम सेल ऑफिस के साथ ही जीपीएस सिस्टम संचालन के लिए भी उपयोग किया जा सकेगा।

समीक्षा में आयुक्त ने सभी विभागीय प्रभारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का फोटो एवं वीडियो बनाकर मुझे भेजें, ऐसे व्यक्तियों पर उनके निवास स्थल पर जाकर स्पॉट फाइन किया जाएगा। इस दौरान नशामुक्ति के लिए ऑनलाइन शपथ भी दिलवाई गई।

### आवास के लिए हितग्राहियों को दें राशि

बीएलसी योजना के तहत विरियाखेड़ी, ईश्वर नगर व बजरंग नगर की 1351 व 121 तथा नगर की 39 बस्तियों के 3442 की डीपीआर की समीक्षा कर आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के नाम अनुमोदित हैं उन्हें राशि भुगतान की कार्रवाई की जाए। जिन्हें राशि आवंटित हो चुकी है व निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है उन्हें नोटिस जारी कर एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दें।

नईदुनिया

# बैठक में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समय सीमा में होने वाले काम को लेकर बैठक का आयोजन बुधवार को किया। इस दौरान कर्मचारियों व अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। बैठक में 100 से लेकर 300 तक दिन के उपर की लंबित शिकायत को दो दिन में समाधान करने को कहा। आयुक्त ने बताया कि नया बैठक हाल प्रोजेक्टर, एलईडी आदि ने लैस है। इसको जीपीएस से भी लैस किया जाएगा। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रिका

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानियों का भी सम्मान किया गया। कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम में स्वतंत्रता सेनानी राजमल चौरसिया के घर पहुंचकर उनका शाल-श्रीफल, पुष्पहार से सम्मान किया।

इसी प्रकार अन्य अधिकारियों द्वारा लोकतंत्र सेनानियों का घर पहुंचकर सम्मान किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने लोकतंत्र सेनानी हिम्मत कोठारी तथा एस डी एम एम. एल. आर्य ने लोकतंत्र सेनानी बजरंग पुरोहित एवं एस डी एम अभिषेक गहलोत ने महेंद्र नाहर के घर पहुंचकर उनका शाल-श्रीफल, पुष्पहार से सम्मान किया। गणतंत्र दिवस पर जिला पंचायत में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा ने ध्वजारोहण किया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी तथा रतलाम विकास प्राधिकरण में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा निगम कार्यालय में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया।

प्रजातंत्र

## नगर निगम ने झांकी में बताया... कबाड़ से जुगाड़

समारोह में सरकारी विभागों की झांकियों का प्रदर्शन हुआ। स्वास्थ्य विभाग की झांकी कोविड-19 टीकाकरण पर आधारित थी। सहकारिता विभाग ने आत्मनिर्भर भारत अभियान, उद्यानिकी विभाग ने हाइड्रोपोनिक खेती, सामाजिक न्याय विभाग ने नशामुक्त भारत, नगर पालिका निगम ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत यातायात सुविधा के लिए क्रेन निर्माण, शिक्षा विभाग ने पढ़ाई नहीं रुकेगी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने सम्मान महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मार्च 21 तक सभी आंगनवाड़ी और शालाओं में नल से स्वच्छ जल देने की झांकी सजाई। महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला। संचालन आशीष दशोत्तर व डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।

भास्कर

## नगर निगम ने कबाड़ से बनाई झांकी



गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों ने कई झांकियों का प्रदर्शन मुख्य आयोजन में किया। इस दौरान नगर निगम द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी का निर्माण कबाड़ के सामान से किया गया था। इसके बाद कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानीत किया।

पत्रिका

## यूनियन कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

## नगर निगम ने झांकी में बताया... कबाड़ से जुगाड़

समारोह में सरकारी विभागों की झांकियों का प्रदर्शन हुआ। स्वास्थ्य विभाग की झांकी कोविड-19 टीकाकरण पर आधारित थी। सहकारिता विभाग ने आत्मनिर्भर भारत अभियान, उद्यानिकी विभाग ने हाइड्रोपोनिक खेती, सामाजिक न्याय विभाग ने नशामुक्त भारत, नगर पालिका निगम ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत यातायात सुविधा के लिए क्रेन निर्माण, शिक्षा विभाग ने पढ़ाई नहीं रुकेगी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने सम्मान महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मार्च 21 तक सभी आंगनवाड़ी और शालाओं में नल से स्वच्छ जल देने की झांकी सजाई। महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला। संचालन आशीष दशोत्तर व डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।

भास्कर